Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सतवीर सिहं कुमावत ग्राम विकास अधिकारी पंचायत सखावदा, पचायत समिति केशवरायपाटन, जिला बूंदी को 25 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 07 मई 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी स्पेशल युनिट कोटा द्वारा कार्यवाही करते हुए **सतवीर सिह कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी पचायत सखावदा, पचायत समिति केशवरायपाटन, जिला बूंदी** को परिवादी से **25 हजार रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

**महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया की एसीबी स्पेशल युनिट कोटा को दिनाक 05.05.2026 को परिवादी ने उपस्थित होकर एक शिकायत इस आशय की पेश की कि परिवादी पंचायत समिति केशवरायपाटन के अधीन ग्राम पंचायत सखावदा का स्वच्छ भारत अभियान के तहत ठेका लेकर पंचायत के अधीन आने वाले गांवो में कचरा सग्रहण व नाली सफाई, सामुदायिक परिसरो की साफ सफाई इत्यादी कार्य करता हूं। मैंने साफ सफाई के दो माह के बिल बनाकर विकास अधिकारी श्री सतवीर सिहं पचायंत सखावदा को दिये थे, उक्त दोनो बिल पास हो गये लेकिन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा मेरे उक्त दोनो बिलो की राशि 1,50,377/– रूपये पास करने, मेरी सिक्योरिटी राशि वापस दिलवाने तथा पहले से जारी अन्य टेंडर आरआरसी के कार्य को ग्राम पंचायत के अधीन निर्वाध रूप से कार्य करने देने व परेशान नही करने की एवज मे 25,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर रहा है, इत्यादी रिपोर्ट पर रिश्वत मांग पर दिनांक 06.05.2026 को गोपनीय सत्यापन करवाया गया जिसमें रिश्वत मांग की पुष्टी हुई थी।

एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीना** के निर्देशन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल युनिट कोटा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकुल शर्मा** के नेतृत्व में दिनांक 07.05.2026 को **श्री पृथ्वीराज मीना पुलिस निरीक्षक** एसीबी स्पेशल युनिट कोटा की टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही का आयोजन किया गया, दौराने ट्रेप कार्यवाही आरोपी सतवीर सिहं को परिवादी से 25,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो केशवरायपाटन पचायंत समिति, बूंदी में गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** एवं **महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस.परिमला** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है।